भारत सरकार
सूचना और प्रसारण मंत्रालय
(नीति नियोजन प्रकोष्ठ)

**नई दिल्लीः 20 मई, 2024**

विषय: अप्रैल, 2024 माह के लिए सूचना और प्रसारण मंत्रालय के महत्वपूर्ण कार्यकलापों पर मंत्रिमंडल के लिए सारांश (संख्या -4 )।

अप्रैल, 2024 माह के लिए इस मंत्रालय से संबंधित महत्वपूर्ण कार्यकलापों/आयोजनों की रूपरेखा नीचे दी गई है: -

1. **आम चुनाव 2024 और "मेरा पहला वोट देश के लिए" अभियान**

1.1 ' मेरा पहला वोट देश के लिए' अभियान का **बहुभाषी गान** को युवाओं, विशेष रूप से पहली बार के मतदाताओं को अपने लोकतांत्रिक अधिकार का प्रयोग करने और चुनावों में भाग लेने के लिए प्रोत्साहित करने के लिए जारी किया गया।

1.2 सीबीसी के फील्ड कार्यालयों (एफओ) और क्षेत्रीय कार्यालयों (आरओ) ने **मतदाता जागरूकता कार्यक्रम** (सुव्यवस्थित मतदाता शिक्षा और निर्वाचक सहभागिता, स्वीप) **पर 04 एकीकृत संचार और लोकसंपर्क कार्यक्रम (आईसीओपी) और 120 फील्ड कार्यक्रम आयोजित किए।** ये पहलें स्थानीय प्रशासन और गैर सरकारी संगठनों के समन्वय से आयोजित की गईं, जिसमें फोटो प्रदर्शनी और प्राइवेट पंजीकृत ट्रूप्स (पीआरटी) के साथ मिलकर नागरिकों के बीच मतदान के महत्व के बारे में जागरूकता सृजन करना शामिल था।

1.3 डीडी न्यूज 2024 के आम चुनावों के दौरान '**राज्य नीति**', '**जनादेश**', '**क्या बोले भारत**', '**24 की चुनौती**', '**चुनावी चक्कलास**', '**संग्राम के सेनापति**' **और** '**जनवाणी**' **जैसे विशेष कार्यक्रम प्रसारित कर रहा है।** ये कार्यक्रम विशेषज्ञ चर्चाओं और जमीनी रिपोर्टों के माध्यम से राज्यों में राजनीतिक परिदृश्य की जानकारी प्रदान करते हैं। इसके अतिरिक्त, **'द ग्रेट इंडियन इलेक्शन 2024' और 'इंडिया डिसाइड्स 2024'** जैसे **विशेष कार्यक्रम** भी डीडी इंडिया पर प्रसारित किए जा रहे हैं। समाचार सेवा प्रभाग, आकाशवाणी (एनएसडी, एआईआर) ने 07.04.2024 को 'आम चुनाव 2024 में मतदान में वृद्धि के लिए चुनाव आयोग का सम्मेलन' पर एक विशेष चर्चा प्रसारित की।

1.4 पत्र सूचना कार्यालय (पीआईबी) ने आम चुनाव 2024 पर व्यापक जानकारी प्रदान करने वाला **एक मीडिया सुविधा** पोर्टल लॉन्च किया है। इसके अतिरिक्त, पीआईबी ने https://pib.gov.in/elect2024/index.aspx पर एक **समर्पित माइक्रोसाइट** पेश की, जो आम चुनाव 2024 को कवर करने वाले मीडिया कर्मियों के लिए वन-स्टॉप सुविधा पोर्टल के रूप में काम कर रही है। पीआईबी की रिसर्च यूनिट ने '**शेपिंग डेमोक्रेसी । वन वोट एट ए टाइम**' पर एक एक्सप्लेनर प्रकाशित की।

2. **हीट वेव (गर्मी की लहर) के बारे में जागरूकता उत्पन्न करना**

2.1 पत्र सूचना कार्यालय (पीआईबी) केंद्रीय और राज्य/संघ राज्य क्षेत्र दोनों स्तरों पर **हीट वेव (गर्मी की लहर) पर भारतीय निर्वाचन आयोग की प्रेस विज्ञप्तियों** को सक्रिय रूप से प्रचारित कर रहा है। विभिन्न भाषाओं में **इन्फोग्राफिक्स** बनाए गए हैं और क्षेत्रीय पीआईबी यूनिटों को प्रसारित किए गए हैं। प्राप्त सूचनाओं को राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों में हिंदी, अंग्रेजी और क्षेत्रीय भाषाओं में प्रसारित किया गया है और विभिन्न सोशल मीडिया प्लेटफार्मों पर साझा किया गया है। पीआईबी ने हीट वेव पर **नागरिक-केंद्रित सूचना अभियान के लिए राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण** (एनडीएमए) के साथ रियल टाइम समन्वय स्थापित किया है।

2.2 राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण (एनडीएमए) ने 19.04.2024 से 02.05.2024 तक देश भर के **सिनेमाघरों में स्क्रीनिंग के लिए 'हीट वेव' नामक एक पीएसए फिल्म** जारी की। इसे अनिवार्य प्रावधानों के अनुपालन में फिल्मों से पहले चलाया गया है। पीएसए फिल्म को **प्राइवेट टीवी प्रसारकों** के साथ भी साझा किया गया है।

2.3 दूरदर्शन केंद्र हीट वेव (गर्मी की लहर) और संबंधित विषयों पर अंग्रेजी, हिंदी, क्षेत्रीय और स्थानीय भाषाओं में कार्यक्रम प्रसारित कर रहे हैं। डीडी न्यूज नियमित बुलेटिनों और प्रमुख शो में हीट वेव (गर्मी की लहर) और आवश्यक सावधानियों पर **विशेष पैकेज** पेश कर रहा है। **विशेष चर्चा शो, प्राइम टाइम शो और विशेषज्ञों के साथ विशेष बातचीत** में स्वास्थ्य विशेषज्ञों के साथ हीट वेव (गर्मी की लहर) के खिलाफ आवश्यक सावधानियों पर चर्चा की गई है। डीडी न्यूज़ की सभी क्षेत्रीय समाचार इकाइयों (आरएनयू) ने **हीट स्ट्रोक (लू लगना) जागरूकता अभियान** को प्रमुखता से कवर किया है। समाचार सेवा प्रभाग, आकाशवाणी समाचार बुलेटिनों, चर्चा कार्यक्रमों और सोशल मीडिया प्लेटफार्मों के माध्यम से हिंदी/अंग्रेजी में सूचना का प्रसार कर रहा है। अत्यधिक गर्मी/हीटवेव पर **सार्वजनिक स्वास्थ्य एडवाइजरी** को पीआईबी के माध्यम से क्षेत्रीय मीडिया के साथ साझा किया गया है और डीडी और आकाशवाणी के माध्यम से प्रचारित किया गया है।

2.4 न्यू मीडिया विंग (एनएमडब्ल्यू) ने सूचना और प्रसारण मंत्रालय के सोशल मीडिया अकाउंट्स पर **'बीट द हीट'** अभियान के तहत व्यापक सोशल मीडिया आउटरीच का आयोजन किया, जिसमें **#BeatTheHeat, #HeatWave** और **#WeatherReady** जैसे हैशटैग का उपयोग कर सूचनाप्रद ग्राफिक्स, वीडियो रील आदि साझा किए गए। पीआईबी के सोशल मीडिया सेल ने **इन्फोग्राफिक्स, वीडियो बाइट्स, वीडियो** प्रकाशित करके मंत्रालयों/विभागों से सामग्री साझा/रीट्वीट करके और मंत्रालयों के वेरिफाइड अकाउंट्स से सूचना को प्रसारित कर विभिन्न सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म (एक्स, फेसबुक) पर व्यापक दृश्यता (विजिबिलिटी) प्रदान की है।

**3. फिल्म क्षेत्र में पहल और उपलब्धियां**

3.1 राष्ट्रीय फिल्म विकास निगम (एनएफडीसी) ने जून 2024 में आगामी 18वें मुंबई अंतर्राष्ट्रीय फिल्म महोत्सव (एमआईएफएफ) में विशेष **पांच दिवसीय एनिमेशन क्रैश कोर्स और वीएफएक्स पाइपलाइन वर्कशॉप** की घोषणा की। इच्छुक एनिमेटरों को भाग लेने और वार्नर ब्रदर्स के एक अनुभवी एनीमेशन फिल्म निर्माता से विशेषज्ञता हासिल करने के लिए आमंत्रित किया गया है।

3.2 भारतीय फिल्म एवं टेलीविजन संस्थान (एफटीआईआई) के एक वर्षीय टीवी विंग छात्र (2020 बैच) की फिल्म "**सनफ्लावर वर फर्स्ट वन्स टू नो**" को आधिकारिक तौर पर 77**वें कान्स फिल्म फेस्टिवल**, फ्रांस में चुना गया है। यह इस खंड में चयनित एकमात्र भारतीय फिल्म है और दुनिया भर के फिल्म स्कूलों द्वारा प्रस्तुत कुल 2,263 फिल्मों में से चुनी गई 18 लघु फिल्मों में से एक है।

3.3 **भारत के फिल्म उद्योग और सॉफ्ट पावर को विदेशों में बढ़ावा देना:** प्रमुख अंतरराष्ट्रीय फिल्म समारोहों की मेजबानी करने वाले देशों और भारत के साथ ऑडियो-विजुअल सह-निर्माण करार वाले देशों में भारतीय मिशनों के साथ दिनांक 10.04.2024 को सचिव, सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय की अध्यक्षता में एक वीडियो कॉन्फ्रेंस बैठक आयोजित की गई थी। बैठक में वैश्विक स्तर पर देश की सॉफ्ट पावर को बढ़ाने के लिए भारत के फिल्म उद्योग का लाभ उठाने पर ध्यान केंद्रित किया गया और विदेश में भारतीय मिशनों द्वारा भारतीय फिल्मों और मनोरंजन को बढ़ावा देने में उनकी भूमिका पर चर्चा की गई।

3.4 **एनएमआईसी के क्रॉनिकल्स ऑफ टाइमलेस ट्रेजर्स:** नेशनल म्यूजियम ऑफ इंडियन सिनेमा (एनएमआईसी) ने एनएमआईसी के क्रॉनिकल्स ऑफ टाइमलेस ट्रेजर्स के हिस्से के रूप में दिनांक 20.04.2024 को 'ज्वेल थीफ' की स्क्रीनिंग का आयोजन किया, जिसमें प्रसिद्ध अभिनेत्री सुश्री ईशा गुप्ता मुख्य अतिथि थीं। इस कार्यक्रम में एनएमआईसी द्वारा आयोजित **'कैप्चर योर मोमेंट' प्रतियोगिता** के विजेता को भी शामिल किया गया, जहां आगंतुकों ने सहयोग से रील्स बनाईं। इसके अतिरिक्त, सत्यजीत रे की पुण्य तिथि (23 अप्रैल) पर, एनएमआईसी ने दिनांक 27.04.2024 को **'म्यूजिक ऑफ सत्यजित रे' डॉक्यूमेंट्री की एक विशेष स्क्रीनिंग** का आयोजन किया, जिसके बाद क्रॉनिकल्स ऑफ टाइमलेस ट्रेजर्स के हिस्से के रूप में 'गणशत्रु' की स्क्रीनिंग की गई।

**4. न्यूनतम सरकार अधिकतम शासन पर पहलें**

4.1 **एंगेज पोर्टल:** मंत्रालय ने प्रस्तावित एंगेजमेंट पोर्टल की व्यापक समीक्षा की, जिसे मुख्य वेबसाइट में एकीकृत किया जाएगा। यूजर एक्सपीरियन्स को बढ़ाने और स्पष्टता सुनिश्चित करने के लिए विशिष्ट संशोधनों का सुझाव दिया गया था, जिसका लक्ष्य व्यापक वेबसाइट फ्रेमवर्क में एक्सेसेबिल्टी और कार्यक्षमता को अनुकूलित करना था।

4.2 **अंतर्राष्ट्रीय संबंधों को मजबूत बनाना:** राष्ट्रीय फिल्म विकास निगम (एनएफडीसी) और इंडोनेशिया, जापान, श्रीलंका, मैक्सिको, स्विट्जरलैंड, रूस, दक्षिण अफ्रीका, अर्जेंटीना और इटली सहित

विभिन्न देशों के प्रतिनिधिमंडलों के बीच बैठकें हुईं। इन चर्चाओं में मुंबई अंतर्राष्ट्रीय फिल्म समारोह और एनएफडीसी फिल्म समारोह जैसे आयोजनों के माध्यम से सांस्कृतिक आदान-प्रदान को बढ़ावा देने के लिए संभावित सहयोग की सम्भावनाओं पर विचार किया गया। इसके अतिरिक्त, एनएफडीसी ने संभावित सहयोग के संबंध में मॉस्को सरकार, संस्कृति विभाग के मंत्री के साथ चर्चा की।

4.3 **भारतीय जनसंचार संस्थान (आईआईएमसी) द्वारा परास्नातक (एम.ए.) कार्यक्रम** : शिक्षा मंत्रालय द्वारा आईआईएमसी को डीम्ड विश्वविद्यालय घोषित किए जाने के बाद, आईआईएमसी की अकादमिक परिषद ने शैक्षणिक सत्र 2024-25 से दो परास्नातक कार्यक्रमों को शुरू करने को अंतिम रूप दिया।

4.4 **फिल्म सुविधा कार्यालय (एफएफओ):** एफएफओ ने माह के दौरान 5 अंतर्राष्ट्रीय परियोजनाओं, 1 घरेलू परियोजना के लिए सूचना और प्रसारण मंत्रालय से अनुमति प्राप्त की और 5 प्रोत्साहन आवेदनों पर कार्रवाई की।

4.5 **सामुदायिक रेडियो स्टेशन (सीआरएस)**: मंत्रालय ने माह के दौरान सामुदायिक रेडियो स्टेशनों के लिए एक (01) नए अनुमति मंजूरी करार (जीओपीए) पर हस्ताक्षर किए और तीन (03) जीओपीए का नवीनीकरण किया।

5. **सामग्री विनियमन**

5.1 **आईटी अधिनियम की धारा 69ए के तहत ब्लॉकिंग:** सूचना और प्रसारण मंत्रालय ने आईटी अधिनियम, 2000 की धारा 69ए के तहत कवर की गई सामग्री को सोशल मीडिया पर दिखाने वाले 70 यूआरएल को ब्लॉक करने और 10 यूआरएल को अनब्लॉक करने के निर्देश जारी किए।

5.2 सूचना और प्रसारण मंत्रालय द्वारा **ऑनलाइन सट्टेबाजी और जुए** के संबंध में की गई कार्रवाई: ऑनलाइन ऑफशोर सट्टेबाजी और जुआ प्लेटफार्मों को बढ़ावा देने वाली मशहूर **हस्तियों और इन्फ्लुएन्सरी** को पत्र जारी किए गए। जिन प्रमुख व्यक्तियों को संबंधित पोस्ट हटाने और ऐसे प्लेटफार्मों से अपना एसोसिएशन समाप्त करने के लिए कहा गया था, उनमें युवराज सिंह, रवि शास्त्री, जतिन सप्रू, मयंती लैंगर, अर्शदीप सिंह, सुरेश रैना, शिवम दुबे, कृष्णमाचारी श्रीकांत, एस. बद्रीनाथ, शिखर धवन, दिनेश कार्तिक शामिल हैं। ऑनलाइन सट्टेबाजी और जुए को बढ़ावा देने के लिए सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म के साथ समन्वय में **100 से अधिक सोशल मीडिया अकाउंट समाप्त** कर दिए गए।

5.3 **मेटा के साथ बैठक** : दिनांक 18.04.2024 को सचिव, सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय की अध्यक्षता में मेटा के प्रतिनिधियों के साथ एक बैठक हुई, जिसमें गृह मंत्रालय (एमएचए), भारतीय साइबर अपराध समन्वय केंद्र (आई4सी), और इलेक्ट्रॉनिकी और सूचना प्रोद्योगिकी मंत्रालय (एमईआईटीवाई) के वरिष्ठ अधिकारियों ने भाग लिया। बैठक के दौरान अवरुद्ध करने (ब्लॉकिंग) के निर्देशों का समय पर अनुपालन, प्रोएक्टिव पहचान और हानिकारक/अवैध सामग्री को हटाने के लिए प्रोद्योगिकीय टूल्स का उपयोग, डीपफेक के संबंध में मेटा की नीतियां, इंस्टाग्राम पर ऑफशोर ऑनलाइन जुए और सट्टेबाजी प्लेटफार्मों को बढ़ावा देने से संबंधित चिंताओं और कानून प्रवर्तन एजेंसियों के साथ अवैध सामग्री के ओरिजनेटर्स के बारे में जानकारी साझा करने पर चर्चा की गई।

6. **विशेष कवरेज / कार्यक्रम**

6.1 प्रसार भारती और पत्र सूचना कार्यालय (पीआईबी) ने **भारत के माननीय राष्ट्रपति, उप राष्ट्रपति और प्रधान मंत्री की सहभागिता वाले महत्वपूर्ण कार्यक्रमों** को लाइव कवरेज और व्यापक प्रचार प्रदान किया, जिसमें पद्म पुरस्कार 2024 की प्रस्तुति, कैंसर के लिए भारत की पहली घरेलू रूप से विकसित 'सीएआर-टी सेल थेरेपी' का लॉन्च, आरबीआई के 90 वर्ष पूरे होने वाला कार्यक्रम आरबीआई@90, आपदा प्रतिरोधी बुनियादी ढांचे पर छठा अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन और भीषण गर्मी के आगामी मौसम के लिए तैयारियों की समीक्षा शामिल है।

6.2 डीडी न्यूज़ द्वारा अर्थव्यवस्था, महिला सशक्तिकरण, स्वास्थ्य, कला और संस्कृति जैसे विभिन्न विषयों पर कई **विशेष कार्यक्रम** जैसे इकोनॉमी टुडे, मनी मंत्रा, तेजस्विनी, टोटल हेल्थ, रंग तरंग, हमारे पद्मा - सीजन 2, वार्तावली, रक्षक, चर्चा में, सिनेमा की दुनिया आदि प्रसारित किए गए।

7. **मीडिया यूनिटों के कार्यकलापों का सारांश**

7.1 पीआईबी और इसके क्षेत्रीय कार्यालयों ने अंग्रेजी, हिंदी और 14 क्षेत्रीय भाषाओं में **1,919 प्रेस विज्ञप्तियां** जारी कीं। भारत सरकार की पहलों के बारे में जानकारी प्रसारित करने के लिए **3 महत्वपूर्ण लेख** प्रकाशित किए गए जिसके परिणामस्वरूप देश भर में **140** क्लिपिंग प्राप्त हुईं। पीआईबी फैक्ट चेक यूनिट ने **21 फर्जी खबरों को खारिज किया और 26 ट्वीट पोस्ट किए।**

7.2 देशभर में सीबीसी के क्षेत्रीय कार्यालयों (आरओ)/फील्ड कार्यालयों (एफओ) द्वारा चुनाव का पर्व - देश का गर्व, स्वीप, मतदाता जागरूकता, राष्ट्रीय एकता एवं अखण्डता, राष्ट्रीय एकता, साम्प्रदायिक सद्भाव आदि जैसे विषयों पर एकीकृत पहुँच और लोकसंपर्क कार्यक्रम आयोजित किए गए।

7.3 डीडी उर्दू के विशेष कार्यक्रम **किताब कायनात** में प्रकाशन विभाग के प्रकाशनों का प्रचार किया गया। विभिन्न डीपीडी शीर्षकों पर प्रकाश डालते हुए **विश्व पुस्तक और कॉपीराइट दिवस** भी मनाया गया।

7.4 **सोशल मीडिया कवरेज** : मंत्रालय के सोशल मीडिया हैंडल ने लगभग **221** विशेष ग्राफिक्स, वीडियो, रील, चित्र, पोस्ट, ट्वीट आदि का प्रसार करके विभिन्न विषयों को व्यापक कवरेज और प्रचार प्रदान किया। इन प्रयासों का उद्देश्य डिजिटल प्लेटफार्मों पर व्यापक जागरूकता और भागीदारी को बढ़ावा देने वाली पहलों और घटनाओं के बारे में जनता को सूचित करना और जोड़ना था। बीट द हीट, पद्म पुरस्कार, यूनेस्को विश्व धरोहर स्थल, भारत के लोकप्रिय व्यंजन, भारत के शास्त्रीय नृत्य रूप, एमआईबी पॉजिटिव, एमआईबी पॉडकास्ट और वीकनामा जैसे अभियानों को इन्फोग्राफिक्स, रील्स, ऑडियो और वीडियो सामग्री के माध्यम से उजागर किया गया।

सी. सेंथिल राजन

**(सी. सेंथिल राजन)**
**संयुक्त सचिव, भारत सरकार**
**दूरभाषः 23382597**